भारत सरकार

परमाणु ऊर्जा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 494

जिसका उत्तर दिनांक 20.11.2019 को दिया जाना है

परमाणु संयंत्रों तक परिवहन सुविधा

494. श्री सी. पी. जोशी :
श्री संगम लाल गुप्ता :

क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार परमाणु संयंत्रों तक सुगम पहुंच हेतु परिवहन के साधन सुनिश्चित करने की कोई योजना बना रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार रावतभाटा परमाणु संयंत्र को चार-लेन वाली सड़क और रेल नेटवर्क से जोड़ने पर विचार कर रही है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इस पर कब तक विचार किए जाने की संभावना है; और

(ङ) क्या सरकार उत्तर प्रदेश में कोई परमाणु संयंत्र स्थापित करने पर विचार कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस परियोजना हेतु किन-किन स्थलों को चिह्नित किया गया है?

उत्तर

राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधान मंत्री कार्यालय (डॉ. जितेन्द्र सिंह) :

(क) तथा (ख) स्थल तक पहुँच से संबंधित विविध पहलुओं, जिनमें बृहदाकार तथा भारी उपस्कर के परिवहन के लिए सड़कें तथा आपातकालीन योजना भी शामिल हैं, का अध्ययन स्थल चयन चरण पर ही किया जाता है । उनके संवर्धन की यदि कोई आवश्यकता होती है, तो मामला राष्ट्रीय/राज्य प्राधिकारियों के समक्ष उठाया जाता है ।

(ग) रावतभाटा परमाणु बिजलीघर को चार लेन वाली सड़क या रेल नेटवर्क से जोड़ने का कोई प्रस्ताव वर्तमान में नहीं है ।

(घ) उपरोक्त (ग) के मद्देनज़र प्रश्न नहीं उठता ।

(ङ) उत्तर प्रदेश में नाभिकीय बिजलीघर स्थापित करने का कोई प्रस्ताव, वर्तमान में सरकार के विचाराधीन नहीं है ।

*****